न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ
पीठासीन अधिकारी श्री अंशुल आमेरिया (आर.ए.एस)

प्रकरण संख्या 51/2020

अनवान

1. संदीप पुत्र श्री भैरूलाल पुरोहित निवासी मगरोप तह हमीरगढ।
2. पुनम पुत्री श्री भैरूलाल पुरोहित निवासी मगरोप तह हमीरगढ।
3. पुष्पा देवी पत्नि भैरूलाल पुरोहित निवासी मंगरोप तह हमीरगढ।
4. विनिता पुत्री श्री भैरूलाल पुरोहित निवासी मंगरोप तह हमीरगढ जिला भीलवाडा।

—प्रार्थीगण

बनाम

1. लक्ष्मण पिता रूपा गुर्जर नि. फागणों का खेडा तहसील हमीरगढ।
2. बद्री पिता भैरू बलाई नि.रतनपुरा तह हमीरगढ।
3. बालु पिता भैरू बलाई नि.रतनपुरा तह हमीरगढ
4. हगामी पत्नी भैरू बलाई नि.रतनपुरा तह हमीरगढ
5. सुरेश कुमार पिता बंशी लाल विजयवर्गीय नि. मंगरोप तह हमीरगढ
6. श्री कजरी पत्नि बिहारी बंजारा नि. घोडा का खेडा तह हमीरगढ जिला भीलवाडा।
7. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ जिला भीलवाडा।

—अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम 1956
निर्णय दिनांक 19—01—2021

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भूॅ—राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस कार्यालय में दिनांक 28.07.2020 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि **ग्राम रूपालिया पटवार हल्का आमलीगढ भू—अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र मंगरोप तहसील हमीरगढ में उसके खाते की खाता संख्या 271 की कृषि भूमि की आ.न. 921/21 रकबा 0.1265 है0, कुल किता 01 रकबा 0.1265 है0 भूमि स्थित है।** वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडौसी है प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 17.08.2020 को पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित । विपक्षी संख्या 01 लगायात 06 बावजूद विधिवत प्रक्रियानुसार सुनवाई का अवसर देने के उपरान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया। प्रस्तुत बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध रेकार्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वंय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

आदेश

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार हमीरगढ को आदेश दिये जाते है कि **ग्राम रूपालिया पटवार हल्का आमलीगढ भू—अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र मंगरोप तहसील हमीरगढ में उसके खाते की खाता संख्या 271 की कृषि भूमि की आ.न. 921/21 रकबा 0.1265 है0, कुल किता 01 रकबा 0.1265 है0 भूमि स्थित है।** जिसकी पत्थरगढी राजस्थान लैण्ड [illegible] 1956 [illegible] निर्धारित प्रकिया के अनुसार की जावे तथा नियमानुसार निर्धारित शुल्क 300/— पक्षकार [illegible] में जमा कराये, साथ ही कमिश्नर फीस 500/—रू0 की नियमानुसार [illegible] भुगतान करें।

Signature Not Verified
Digitally signed by Anshul Aameria
Date: 2021.02.25 11:26:43 IST
Reason: SelfAttested

आदेश आज दिनांक 19.01.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर रहे।

(अंशुल आमेरिया)
उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ